-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 13.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना बबेरु द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम हरदौली तथा थाना चिल्ला द्वारा G.D.V. संजय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग़ुगौली में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। छात्राओं को गुड टच-बैड टच तथा विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरुक।**

विवरण- शासन की मंशानुसार मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सभी थानों पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिये लगातार स्कुलों/कॉलेजों/कोचिंग सेन्टरों/ग्राम सचिवालयों आदि में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर तथा कस्बों/बाजारों में भी महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 13.11.2024 को थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम हरदौली तथा थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा G.D.V. संजय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग़ुगौली में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों जैसे मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा-डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को गुड टच-बैड टच के सम्बन्ध में जागरुक करते हुये समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति अनजान हो या परिचित शरीर के कुछ विशेष हिस्सों पर छुने कि कोशिश करें तो अपने माता-पिता से जरुर बताएं, यदि स्कुल में कोई इस तरह की हरकत करता है तो क्लास टीचर से भी जरुर बताएं। खुद को कभी भी विवश महसुस न करें, पुलिस सहायता के लिये सदैव उपलब्ध है। बिना झिझके अपनी शिकायत दर्ज कराएं। ”चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो” मंत्र हमेशा याद रखें। आपकी जागरुकता आपकी सुरक्षा का महत्वपुर्ण साधन है। जागरुक रहें, साथ ही दुसरों को भी जागरुक करें।